
अमर उजाला 22/09/2022

# छात्रों और शिक्षकों की जांचीं गई आंखें

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला सिटी।** महिला प्रकोष्ठ, ब्लड बैंक और एलजे इंस्टीट्यूट अंबाला सिटी के सहयोग से जीएमएन कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों की आंखों की जांच की गई।

शिविर में डॉ. हिमांशी जैन, राजेश कुमार और अन्य ने 120 छात्रों, 25 शिक्षकों और 11 गैर-शिक्षण संकाय सदस्यों की जांच की। डॉ. हिमांशी जैन ने कहा कि नेत्र जांच शिविर आयोजित करने से छात्र एवं अन्य सदस्यों को दृष्टिदोष ठीक करने में मदद मिलती है, जिससे मोतियाबिंद और अपवर्तक त्रुटि के कारण अंधेपन का बोझ कम होता है। वह इस दिशा में कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा की गई पहल की सराहना करती हैं। उन्होंने महिला प्रकोष्ठ के स्वयंसेवकों से नेत्र स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने की सलाह दी। डॉ. वीके जैन, कॉलेज के प्राचार्य ने महिला प्रकोष्ठ की पूरी टीम को बधाई दी। इस दौरान डॉ. सीमा कंसल, डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. मीनू राठी एवं डॉ. तृप्ति शर्मा आदि थे।



**नेत्र जांच कैंप में जांच कराते लोग।** संवाद